# UP Board Class 7 Social Science Important Questions Geography Chapter 10 प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन : मरुस्थल

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
लद्दाख से क्या आशय है?
उत्तर:
लद्दाख को खा-पा-चान भी कहते हैं जिसका अर्थ होता है-हिमभूमि। इसका एक अन्य अर्थ है-पर्वतीय दरों का देश।

प्रश्न 2.
चीरू का शिकार क्यों किया जाता है?
उत्तर:
चीरू का शिकार 'शाहतूश' नामक ऊन के लिए होता है जो वजन में हल्का एवं अत्यधिक गर्म होता है।

प्रश्न 3.
क्रिकेट का सबसे अच्छा बल्ला किस पेड़ की लकड़ी से बनाया जाता है?
उत्तर:
शरपत (विलो) पेड़ की लकड़ी से।

प्रश्न 4.
मनाली-लेह राजमार्ग किन दरों से गुजरता है?
उत्तर:
मनाली-लेह राजमार्ग चार दरों-

- रोहतांग ला,
- बारालाचा ला,
- लुनगालाचा ला तथा
- टंगलंग ला से होकर गुजरता है।

प्रश्न 5.
मनाली-लेह राजमार्ग कब खुलता है?
उत्तर:
यह राजमार्ग केवल जुलाई से सितम्बर के बीच खुलता है जब बर्फ को मार्ग से हटा दिया जाता है।

प्रश्न 6.
रेगिस्तान से क्या आशय है?
उत्तर:

रेगिस्तान एक शुष्क प्रदेश होता है जिसकी विशेषताएँ हैं-अत्यधिक उच्च अथवा निम्न तापमान एवं विरल वनस्पति।

प्रश्न 7.
सहारा-रेगिस्तान कितने भू-भाग में फैला हुआ है?
उत्तर:
सहारा का रेगिस्तान लगभग 8.54 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।

प्रश्न 8.
सहारा रेगिस्तान कितने देशों से घिरा हुआ है?
उत्तर:
यह ग्यारह देशों-

- अल्जीरिया,
- चाड़,
- मिस्र,
- लीबिया,
- माली,
- मौरतानिया,
- मोरक्को
- नाइजर
- सूडान
- ट्यूनीशिया
- पश्चिमी सहारा-से घिरा हुआ है।

प्रश्न 9.
सहारा रेगिस्तान की जलवायु कैसी है?
उत्तर:
सहारा रेगिस्तान की जलवायु अत्यधिक गर्म एवं शुष्क है।

प्रश्न 10.
सहारा रेगिस्तान की रातें कैसी होती हैं?
उत्तर:
सहारा रेगिस्तान की रातें अत्यधिक ठंडी होती हैं तथा तापमान गिरकर हिमांक बिन्दु तक पहुँच जाता है।

प्रश्न 11.
सहारा रेगिस्तान में कौनसी वनस्पतियाँ पाई जाती हैं?
उत्तर:
सहारा रेगिस्तान की वनस्पतियों में कैक्टस, खजूर के पेड़ एवं एकेशिया पाये जाते हैं।

प्रश्न 12.
सहारा रेगिस्तान में कौनसे जीव-जन्तु पाए जाते हैं?
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

सहारा रेगिस्तान में ऊँट, लकड़बग्घा, सियार, लोमड़ी, बिच्छू, सांप, छिपकलियाँ अदि प्रमुख जीव-जन्तु पाए जाते हैं।

प्रश्न 13.
लद्दाख में कैसी जलवायु पायी जाती है?
उत्तर:
लद्दाख की जलवायु अत्यधिक शीतल तथा शुष्क होती है।

प्रश्न 14.
लद्दाख में कौनसे पेड़ पाए जाते हैं?
उत्तर:
लद्दाख में सेब, खुबानी एवं अखरोट के पेड़ पाए जाते हैं।

प्रश्न 15.
लद्दाख में पशुओं को क्यों पाला जाता है?
उत्तर:
लद्दाख में पशुओं को दूध, मांस, खाल एवं ऊन प्राप्त करने के लिए पाला जाता है।

प्रश्न 16.
लद्दाख के लोग किस धर्म के अनुयायी हैं?
उत्तर:
लद्दाख के अधिकांश लोग मुस्लिम धर्म या बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
सहारा रेगिस्तान की भौगोलिक स्थिति का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
सहारा रेगिस्तान की भौगोलिक स्थिति-

- सहारा रेगिस्तान विश्व का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान है।
- यह उत्तरी अफ्रीका के लगभग 8.54 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।
- यह ग्यारह देशों से घिरा हुआ है। ये देश हैं-अल्जीरिया, चाड़, मिस्र, लीबिया, माली, मौरतानिया, मोरक्को, नाइजर, सूडान, ट्यूनिशिया एवं पश्चिमी सहारा।
- बालू की विशाल परतों के साथ-साथ यहाँ बजरी के मैदान और नग्न चट्टानी सतह वाले उत्थित पठार भी हैं।

प्रश्न 2.
सहारा रेगिस्तान की जलवायु का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
जलवायु-

- सहारा रेगिस्तान की जलवायु अत्यधिक गर्म एवं शुष्क है।
- यहाँ की वर्षा ऋतु अल्पकाल के लिए होती है। यहाँ आकाश बादल रहित तथा निर्मल होता है।

- यहाँ दिन अत्यधिक गर्म होते हैं। दिन के समय का तापमान 50° सेल्सियस से ऊपर पहुँच जाता है, जिससे रेत व नग्न चट्टानें अत्यधिक गर्म हो जाती हैं। इनके ताप का विकिरण होने से चारों तरफ सब कुछ गर्म हो जाता है।
- यहाँ रातें अत्यधिक ठंडी होती हैं और तापमान गिरकर हिमांक बिन्दु तक पहुँच जाता है।

प्रश्न 3.
लद्दाख की भौगोलिक स्थिति का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
लद्दाख की भौगोलिक स्थिति-

- जम्मू-कश्मीर के पूर्व में वृहत् हिमालय में स्थित लद्दाख एक ठंडा रेगिस्तान है।
- इसके उत्तर में काराकोरम पर्वत श्रेणियाँ एवं दक्षिण में जास्कर पर्वत स्थित है।
- लद्दाख से होकर अनेक नदियाँ बहती हैं जिनमें सिंधु नदी प्रमुख है। ये नदियाँ गहरी घाटियों एवं गॉर्ज का निर्माण करती हैं।
- लद्दाख की ऊँचाई 3000 मीटर से लेकर 8000 मीटर से भी अधिक तक पाई जाती है।

प्रश्न 4.
लद्दाख की जलवायु का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
लद्दाख की जलवायु-

- लद्दाख अधिक ऊँचाई पर स्थित होने के कारण यहाँ की जलवायु अत्यधिक शीतल एवं शुष्क होती है।
- ग्रीष्म ऋतु में दिन का तापमान 0° सेल्सियस से कुछ ही अधिक होता है एवं रात में तापमान शून्य से -30° सेल्सियस से नीचे चला जाता है।
- शीत ऋतु में यहाँ बर्फीली ठंड हो जाती है और तापमान हर समय -40° सेल्सियस से नीचे ही रहता है।
- यहाँ वर्षा बहुत ही कम होती है।

प्रश्न 5.
लद्दाख रेगिस्तान के वनस्पतिजात पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
लद्दाख रेगिस्तान का वनस्पतिजात-

- लद्दाख में उच्च शुष्कता के कारण वनस्पति विरल है। यहाँ जानवरों के चरने के लिए कहीं-कहीं पर घास एवं छोटी झाड़ियाँ मिलती हैं।
- यहाँ घाटी में शरपत (विलो) एवं पॉप्लर के उपवन देखे जा सकते हैं।
- ग्रीष्म ऋतु में यहाँ सेब, खुबानी एवं अखरोट जैसे पेड़ पल्लवित होते हैं।

प्रश्न 6.
लद्दाख में कौन-कौनसे पशु-पक्षी पाये जाते हैं?
उत्तर:

- पक्षी-लद्दाख में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ नजर आती हैं। इनमें रॉबिन, रेडस्टार्ट, तिब्बती स्नोकॉक, रैवेन एवं हूप यहाँ पाए जाने वाले सामान्य पक्षी हैं। इनमें से कुछ प्रवासी पक्षी हैं।
- प्राणी-लद्दाख के पशुओं में जंगली बकरी, जंगली भेड़, याक एवं विशेष प्रकार के कुत्ते आदि पाए जाते हैं।

https://www.evidyarthi.in/